हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

11 नवाचार व उद्यमिता से आत्मनिर्भर बनेंगे देश...



12 शिक्षकों ने झटके पांच गोल्ड मेडल समेत कुल...



करवा चौथ के पावन अवसर पर महिलाओं ने सुनीं व्रत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

करवा चौथ के पावन त्योहार पर महिलाओं ने पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ व्रत रखा। इस अवसर पर महिलाओं ने शहर के हनुमान मंदिर में इकट्ठे होकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार करवा चौथ की व्रत कथा सुनी और पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि तथा पति की लंबी उम्र की कामना की।

महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा की और सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। इस अवसर पर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक परिधानों और सोलह श्रृंगार से सजी महिलाओं ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। पार्षद नीलम जांगड़ा ने बताया कि करवा चौथ का पर्व भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखता है। इस दिन महिलाएं व्रत रखकर अपने परिवार की खुशहाली और सुखद वैवाहिक जीवन की कामना करती हैं। महिला लक्ष्मी, मोना, सावित्री, पार्षद पिंकी लोहान, सुशीला, पूनम, कविता, संतोष, मंजू आदि ने बताया कि साल में इस त्यौहार का इंतजार रहता है कि कब वह अपने पति के नाम की हाथों में मेहंदी लगाएं और पूरे विधि विधान से पूजा करके व्रत रखा जाता है। रात को चांद देखने के बाद ही व्रत खोला जाता है।



हिसार। करवा चौथ पर कहानी सुनती महिलाएं।

सजना है मुझे सजना के लिए...



हिसार। करवाचौथ के पावन पर्व पर हाथों पर मेहंदी दिखातीं सुहागिनें। फोटो: हरिभूमि

खबर संक्षेप

कार ने बाइक को मारी टक्कर, दंपति घायल

हिसार। शहर के डाबड़ा चौक के पास गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा होते-होते टल गया, जब एचटीएम थाने में तैनात एक एसपीओ की कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल हो गए। हालांकि, दुर्घटना के तुरंत बाद पुलिस कर्मी ने मानवता का परिचय देते हुए कार रोकी और घायलों को खुद अपनी गाड़ी से कैंप चौक स्थित एक निजी अस्पताल ले गया। वहां दोनों का इलाज करवाकर दवाइयों व अस्पताल का पूरा खर्च भी पुलिस कर्मी ने खुद उठाया।

धान की रखवाली करने गए बुजुर्ग की मौत

हिसार। गांव तलवंडी राणा स्थित खेत में धान की फसल की रखवाली करने गए जुगलान निवासी 60 वर्षीय राजकुमार की मौत हो गई। गुरुवार सुबह उनका शव खेत में फसल के पास पड़ा मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। परिजनों ने बताया कि राजकुमार ने तलवंडी राणा के पास हिस्से पर जमीन ले रखी थी, जहां बुधवार को धान निकाली गई थी। बुधवार रात करीब साढ़े 10 बजे वह फसल की रखवाली के लिए खेत गए थे। सुबह मृत अवस्था में मिले।

अंबेडकर बस्ती में झाड़ियों से मिला युवक का शव

हिसार। शहर की अंबेडकर बस्ती के पास गुरुवार सुबह झाड़ियों में करीब 25 वर्षीय एक अज्ञात युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पड़ाव पुलिस चौकी व शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम व शिनाख्त के लिए मेडिकल कॉलेज अग्रोहा की मोर्चरी में रखवा दिया है।

जेब काटते आरोपी रंगे हाथ धर दबोचा

बरवाला। पुरानी सब्जी मंडी में एक फ्रूट की दुकान पर फ्रूट ले रहे एक व्यक्ति की हजारों रुपए की राशि की जेब काटते हुए एक जेबकतरे को रंगे हाथों धर दबोचा। जबकि इस जेबकतरे का दूसरा साथी मौका पाकर फरार हो गया। इस जेबकतरे की मौके पर मौजूद लोगों द्वारा धुनाई की गई। पुलिस सूचना पाते ही मौके पर पहुंची तो दबोचे गए इस जेबकतरे को पुलिस के हवाले कर दिया। गांव दुर्जनपुर निवासी बलबीर ने बताया कि वह रिश्तेदारी में जाने के लिए फ्रूट की दुकान पर फल लेने के लिए बरवाला रुका था।

3.33 ग्राम अफीम के साथ आरोपी गिरफ्तार

हिसार। सीआईए टीम ने लाडवा नहर पुल के पास से एक आरोपी को 333 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अमन निवासी धर्मखेड़ी के रूप में हुई है। सीआईए प्रभारी ने बताया कि उनकी टीम लाडवा क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर कार को काबू किया। कार की तलाशी लेने पर उसमें से 333 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी अमन को गिरफ्तार कर लिया।

गंगवा से हथियारों का जखीरा बरामद

सीआईए मिल गेट ने तस्कर शुभम को दबोचा, तुर्की मेड पिस्तौल भी मिली

तीन अवैध पिस्तोल के साथ 6 मैगजीन और 25 जिंदा कारतूस भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार





हिसार। बरामद हथियार व सीआईए की गिरफ्त में आरोपी। फोटो: हरिभूमि

अवैध हथियारों के दम पर जिले की शांति भंग करने की फिराक में लगे असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। विशेष अभियान के तहत सीआईए मिल गेट पुलिस टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है।

पुलिस ने कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के पैतृक गांव गंगवा क्षेत्र में दबिश देकर एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से तुर्की निर्मित एक विदेशी पिस्तोल समेत 3 अवैध पिस्तोल, 6 मैगजीन और 25 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपी की पहचान हिसार निवासी शुभम के रूप में हुई है। सीआईए मिल गेट प्रभारी ने बताया कि उनकी टीम अपराधों की रोकथाम और गश्त के सिलसिले में इलाके में मौजूद थी। उसी दौरान गुप्तचरों से सूचना मिली कि एक युवक भारी मात्रा में अवैध असलाह लेकर गंगवा क्षेत्र में किसी वारदात को अंजाम देने या हथियारों की सप्लाई के लिए घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत हरकत में आते ही इलाके में घेराबंदी कर नाकाबंदी की। संदिग्ध स्थिति में घूम रहे शुभम को काबू कर जब उसकी तलाशी ली गई, तो पुलिस कर्मी भी हैरान रह गए। उसके बैग व कब्जे से तीन पिस्तौल, 6 मैगजीन और 25 कारतूस बरामद किए गए। बरामद हथियारों में तुर्की निर्मित पिस्तौल मिलने से पुलिस सतर्क हो गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना आजाद नगर में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने खरड़ अलीपुर गांव के पास खरड़ निवासी जसबीर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक विदेशी हथियार बरामद किया था, जिस पर 'जिगाना-32 बोर' लिखा हुआ है। इससे पहले सीआईए-टू ने 21 सितंबर को सातरोड कलां निवासी सुमित से दो तुर्की हथियार, 75 कारतूस और तीन मैगजीन बरामद की थी। जांच में सामने आया था कि आरोपी गैंगस्टर अजीत पहलवान से जुड़ा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बरामद किए गए ये तुर्की हथियार सेमी-ऑटोमैटिक हैं, जो एक बार में 15 से 17 राउंड तक फायरिंग करने की क्षमता रखते हैं।

असामाजिक तत्वों पर जारी रहेगी कार्रवाई : एसपी

एसपी सिद्धान्त जैन के निर्देशानुसार हिसार पुलिस अवैध हथियार रखने, उनकी तस्करी करने और इनके दम पर समाज में भय का माहौल पैदा करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। अवैध हथियार रखना कानूनन अपराध है। ऐसे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हिसार पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि जिले में अवैध हथियारों के कारोबार और इनके जरिए दहशत फैलाने की कोशिशों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

डेढ़ माह में तीसरी बार मिले विदेशी हथियार

जिले में विदेशी हथियारों का मिलना पुलिस के लिए भी चिंता का विषय बनता जा रहा है। पिछले करीब डेढ़ माह में यह तीसरा मौका है जब पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से विदेश में बने ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, पिछले डेढ़ माह में अब तक तुर्की में बने 4 ऑटोमैटिक हथियार बरामद हो चुके हैं।

इन विदेशी हथियारों के अलावा करीब 100 कारतूस और 9 मैगजीन भी पुलिस के हाथ लगी हैं। अक्टूबर माह के पहले सप्ताह में सदर थाना

सरकारी नौकरी के नाम पर 40 लाख की ठगी

- फर्जी नियुक्ति पत्र देकर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, 3 दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

केंद्र सरकार में सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर 40 लाख रुपये की बड़ी ठगी करने वाले शातिर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने शिकायतकर्ता को फर्जी नियुक्ति पत्र थमाकर नौकरी पर लगने का झूठा भरोसा दिया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी श्याम सुंदर, निवासी योग नगर को दबोच लिया है। अदालत ने आरोपी को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पटेल नगर की 8 मरला कॉलोनी निवासी प्रवीन कुमार ने पुलिस को शिकायत दी थी कि आरोपी श्याम सुंदर और उसके साथियों ने उसे केंद्र सरकार के अधीन अच्छी नौकरी दिलवाने का झांसा दिया था। इसके एवज में उससे करीब 40 लाख रुपये ऐंठे गए। शिकायतकर्ता को झांसे में रखने के लिए फर्जी नियुक्ति पत्र और अन्य दस्तावेज सौंपे गए, ताकि उसे असली नौकरी का यकीन हो सके। काफी समय बीतने के बाद भी जब वेतन नहीं मिला और उसने अपनी रकम वापस मांगी, तो टालमटोल शुरू कर दी गई। शुरुआती कुछ पैसे लौटाकर बाकी रकम हड़प ली गई। पीड़ित की शिकायत पर थाना शहर हिसार में गत 30 अगस्त 2026 को संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। हिसार पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर 3 दिन का रिमांड हासिल किया है।

यूपी से मोबाइल बरामद

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई। पुलिस ने बैंक खातों के लेन-देन, व्हाट्सऐप चैट, कथित नियुक्ति पत्रों और अन्य साक्ष्यों की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान नामजद आरोपी श्याम सुंदर को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि 29 अक्टूबर को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के आगरा स्थित गणपति सिटी के एक फ्लैट से मामले से जुड़ा मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस अब आरोपी के बैंक खातों की डिटेल खंगाल रही है ताकि ठगी गई पूरी रकम का हिसाब लगाया जा सके।

जीजेयू रजिस्ट्रार की नियुक्ति पर उठे सवाल राज्यपाल, सीएम और वीसी से जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पद पर डॉ. विजय कुमार की नियुक्ति की वैधता, पात्रता और पारदर्शिता को लेकर विवाद गहरा गया है। एडवोकेट राहुल कुमार झा के माध्यम से एक लीगल नोटिस-कम-रिप्रेजेंटेशन भेजा गया है, जिसमें नियुक्ति प्रक्रिया और अनुभव की समयावधि पर गंभीर सवाल खड़े किए गए हैं। यह नोटिस हरियाणा के राज्यपाल-सह-कुलाधिपति, मुख्यमंत्री, तकनीकी शिक्षा विभाग और जीजेयू के कुलपति को भेजकर निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। लीगल नोटिस में कहा गया है कि जीजेयू अधिनियम के तहत रजिस्ट्रार का पद एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रशासनिक और वैधानिक पद है, जिस पर नियुक्ति के लिए निर्धारित योग्यताओं और कड़े नियमों का पालन अनिवार्य है। दस्तावेजों के मुताबिक डॉ. विजय कुमार ने 11 मई 2012 को सहायक प्रोफेसर के रूप में ज्वाइन किया था। 4 फरवरी 2025 को रजिस्ट्रार पद पर नियुक्ति तक उनकी कुल सेवा अवधि लगभग 12 वर्ष और 9 महीने बैठती है। एडवोकेट राहुल कुमार झा का कहना है कि किसी कर्मचारी की मूल सेवा स्थिति और बायोडाटा या आवेदन में लिखे पदनाम में अंतर हो सकता है। नोटिस में कहा गया है कि डॉ. विजय कुमार को किस सटीक तिथि से रीडर/एसोसिएट प्रोफेसर के ग्रेड में नियुक्त या पदोन्नत किया गया, इसका मूल सेवा रिकॉर्ड से मिलान और सत्यापन होना बेहद जरूरी है।

मूल रिकॉर्ड तलब करने की मांग

नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि इस चरण पर कोई अंतिम आरोप या धोखाधड़ी की बात नहीं कही जा रही है, बल्कि जनहित और प्रशासनिक पारदर्शिता को देखते हुए मूल अभिलेखों से स्वतंत्र जांच की मांग की गई है। मानवाधिकार व नागरिक दायित्व के तहत भेजे गए इस नोटिस के जरिए कुलाधिपति, मुख्यमंत्री, तकनीकी शिक्षा विभाग और कुलपति से पूरे भर्ती रिकॉर्ड को तलब कर निष्पक्ष जांच की अपील की गई है।

सड़क हादसे के बाद क्रेटा गाड़ी से 24 बोतल अवैध शराब बरामद

हिसार। थाना एचटीएम पुलिस ने सेक्टर 1-4, रायपुर रोड के पास अवैध रूप से देशी शराब बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को काबू किया। वहीं, थाना आदमपुर क्षेत्र में सड़क हादसे के बाद सड़क किनारे खेतों में मिली क्रेटा गाड़ी से भी अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर 1-4, रायपुर रोड के पास एक व्यक्ति सर्विस रोड पर अवैध रूप से देशी शराब बेच रहा है। टीम ने कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और दीपक को काबू किया। उसके पास से 13 बोतल देशी शराब बरामद हुई। उधर, थाना आदमपुर क्षेत्र में चुली कलां-बिराण रोड पर नहर की पुलिया के पास एक क्रेटा और बाइक के बीच टक्कर हो गई थी।

गांव लुदास में अपहरण के प्रयास मामले में दो और आरोपी पुलिस ने किए काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पुलिस ने गांव लुदास में बच्चों का रास्ता रोककर मारपीट करने, अपहरण के प्रयास और जान से मारने की नीयत से हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त डंडे भी बरामद किए हैं। मामले में मुख्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। गांव लुदास निवासी कृष्ण कुमार की शिकायत पर थाना सदर हिसार में केस दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, 28 सितंबर को दोपहर के समय शिकायतकर्ता अपने बच्चों को स्कूल से लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर आए आरोपियों ने कथित तौर पर उनका रास्ता रोककर मारपीट की तथा अपहरण व जान से मारने का प्रयास किया। शिकायत में यह भी बताया गया कि गाड़ी की नंबर प्लेट पर काली टेप लगाई गई थी। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी दिनेश उर्फ बानी निवासी गांव लुदास को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई बड़ी कार्रवाई

शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के अध्ययन के बाद पुलिस ने मामले में दो अन्य आरोपियों की संलिप्तता की जांच की। अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए परमजीत उर्फ घोलू निवासी गांव लुदास तथा आशीष उर्फ आशु निवासी गांव शाहपुर को काबू कर लिया। पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में दोनों आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त डंडे बरामद किए गए। पुलिस ने घटनास्थल तथा गाड़ी की नंबर प्लेट पर टेप लगाने से संबंधित स्थान की निशानदेही की कार्रवाई भी पूरी की। पुलिस रिमांड की अवधि समाप्त होने पर दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



हिसार। बैठक को संबोधित करते कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया।

हिसार जिले से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली महारैली में जुटेंगे: लोधर

- वोट बचाओ–देश बचाओ' महारैली को लेकर कांग्रेस ने तैयारियों की समीक्षा की

हिसार। आगामी 1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ–देश बचाओ' महारैली की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) की एक बैठक गुरुवार को कांग्रेस भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृज लाल बहबलपुरिया ने की, जबकि जिला प्रभारी व पूर्व मंत्री राममज लोधर मुख्य रूप से मौजूद रहे। एआईसीसी पर्यवेक्षक नदीम जावेद भी वीडियो कॉल के जरिए बैठक से जुड़े। पूर्व मंत्री राममज लोधर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह महारैली निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और मताधिकार की सुरक्षा के लिए एक बड़ा राष्ट्रीय मंच बनेगी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों में गड़बड़ी के खिलाफ कांग्रेस मजबूती से आवाज उठा रही है। जिलाध्यक्ष बृज लाल बहबलपुरिया ने बताया कि हिसार जिले से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता 1 नवंबर को दिल्ली पहुंचेंगे। इसके लिए ब्लॉक स्तर पर गाड़ियों व यातायात की सुचारू व्यवस्था की गई है। बैठक में आदमपुर विधायक चंद्र प्रकाश जांगड़ा, उकलाना विधायक नरेश सेलवाल, राजेश संदलाना, अनिल मान, भूपेंद्र सिंह गंगवा सहित भारी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समाधान शिविर में चालक-परिचालक पर सीसवाल बस स्टैंड पर बस न रोकने का लगाया आरोप

रोडवेज अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों को सुनती अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल।

जिला प्रशासन की ओर से आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने पर पूरा जोर दिया गया। अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने शिविर में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द निपटारा करने के कड़े निर्देश दिए। एडीसी ने स्पष्ट किया कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को एक ही मंच पर राहत देना है ताकि उन्हें बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े।

समाधान शिविर में गांव सीसवाल के ग्रामीणों ने शिकायत की कि बस स्टैंड पर रोडवेज की बसें नहीं रोकी जा रही हैं और चालक-परिचालक अपनी मनमानी कर रहे हैं। एडीसी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की सख्त हिदायत दी।

रेलवे क्रॉसिंग के पास सड़क पर हटाया जाए अतिक्रमण: इसी प्रकार एक प्रार्थी रविन्द्र कुमार द्वारा घोड़ा फार्म रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास सडक़ पर अतिक्रमण एवं मलबा हटवाने संबंधी पूर्व शिकायत पर कोई कार्यवाही ने होने के संबंध में अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने नगर निगम को सडक़ पर अतिक्रमण एवं मलबा हटवाने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत खानपुर द्वारा दी गई तीन शिकायतें जिसमें खेतों में जल भराव के लिए उपयुक्त पाईप लाइन बिछाने, खेतों में लंबे समय से चल रहे अवैध रेतीली मिट्टी खनन तथा खाद वितरण केंद्र पर खाद व बीज उपलब्ध न होने संबंधी शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों के समाधान को लेकर शीघ्र अति शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम ज्योति मित्तल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र कुमार, नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त प्रदीप हुड्डा सहित अन्य तमाम संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

पोल शिफ्ट करने के दिए निर्देश

गांव सातरोड़ कलां निवासी एक प्रार्थी द्वारा लाडवा मेन रोड की फिरनी पर लगे पोल को शिफ्ट करवाने की मांग पर एडीसी ने बिजली निगम के अधिकारियों को प्रार्थी के समक्ष आ रही समस्या का समाधान कर पोल को शिफ्ट करने संबंधी आगामी कार्रवाई के निर्देश दिए। गांव पातन के एक प्रार्थी द्वारा अनजान व्यक्तियों द्वारा रास्ता रोककर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने तथा 112 नंबर पर सूचित करने के बावजूद कोई कार्रवाई न करने की शिकायत पर एडीसी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को इस मामले पर पर उचित कार्रवाई अमल में लाने को कहा।



हेलोवीन की रात, रंग-बिरंगी पोशाकें पहनकर किआन, फ्रेया, माइकल और रायन ट्रिक ऑर ट्रीट के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में उनका सामना हुआ कुछ ऐसे रहस्यों से, जिसने उनकी हंसी को चीखों में बदल दिया। रहस्य खुलने पर चीखें वापस हंसी में बदल गईं। हर कदम पर नया सरप्राइज देती हेलोवीन की वह शाम इन बच्चों के लिए बहुत ही रोमांचकारी थी।

सरप्राइज वाली हेलोवीन की शाम





कहानी
रेनू मंडल

कैलिफोर्निया के प्लेजेंटन सिटी में 31 अक्टूबर की शाम को बहुत रौनक थी। पिछले एक माह से पूरे अमेरिका में हेलोवीन त्योहार की जोर-शोर से तैयारियां चल रही थीं। आखिरकार आज वह दिन आ ही गया था। घरों और दुकानों के बाहर रंग-बिरंगी रोशनियों के साथ बड़े-बड़े कद्दू सजाए गए थे। इन कद्दुओं पर बड़ी-बड़ी डरावनी आंखें और मुंह बने हुए थे। घरों के बाहर कंकाल, चुड़ैलें, मकड़ियों और भूतों की आकृतियां लटक रही थीं।

किआन, फ्रेया, माइकल और रायन को इस शाम का बेसब्री से इंतजार था। चारों ने अलग-अलग पोशाकें पहन रखी थीं। किआन ने स्पाइडर-मैन, माइकल ने जादूगर, रायन ने बैटमैन और फ्रेया ने परी की ड्रेस पहनी थी। इन बच्चों ने ट्रिक और ट्रीट के लिए अपनी बॉस्केट भी तैयार कर ली थीं। सभी बच्चे माइकल के घर एकत्रित थे। माइकल के पापा ने मुस्कुराते हुए कहा, 'सुनो बच्चो, सदियों पहले लोग मानते थे कि आज की रात प्रेतात्माएं सड़कों पर घूमती हैं। उनसे बचने के लिए लोग डरावने रूप बदलते थे। आज तो खैर यह मौज-मस्ती और चॉकलेट्स जुटाने के त्योहार के रूप में मनाया जाता है।'

'इन बड़े-बड़े कद्दुओं का क्या मतलब?' किआन को जिज्ञासा हुई। 'यह भी बुरी आत्माओं को भगाने का प्रतीक है।' माइकल के पापा ने बताया।

'सचमुच, आज बहुत मजा आने वाला है।' फ्रेया ने अपनी ड्रेस लहराते हुए कहा। स्ट्रीट पर रंग-बिरंगी पोशाकों में न जाने कितने बच्चे नजर आ रहे थे। चारों बच्चे अपनी बास्केट लेकर निकल पड़े। हर घर के दरवाजे पर दस्तक देकर वे चिल्लाते, 'ट्रिक ऑर ट्रीट..!' पड़ोसी मुस्कुराते हुए बाहर निकलकर उनकी बास्केट में रंग-बिरंगी कैंडीज, चॉकलेट्स और डोनट्स भर रहे थे। बच्चों का उत्साह बढ़ता जा रहा था। तभी वे उस इलाके की सुनसान सड़क पर पहुंचे। अचानक उन्हें अपने पीछे आहट सुनाई दी। इससे पहले कि वे चारों पलटकर देखते, काले कपड़ों में लिपटी एक आकृति बिजली की गति से झपटी और चारों को दबोच लिया। 'आऽऽऽआ!' चारों की चीख वातावरण में गूंज उठी। उस आकृति ने भयानक आवाज में कहा, 'आज तुम्हें असली ट्रिक का मजा चखाता हूं।'





'छोड़ दो, कौन हो तुम?' किआन चिल्लाया। इससे पहले कि चारों डरकर भागते, आकृति ने अपना मास्क उतारा। 'मैक्स..!' फ्रेया चिल्लाई। माइकल ने अपना सिर पकड़ लिया, 'यार, तुमने तो हमारी जान ही निकाल दी।' मैक्स ठहाका लगाकर हंस पड़ा, 'तुम सब ट्रिक और ट्रीट चिल्ला रहे थे, तो मैंने सोचा एक सरप्राइज दूं।'



सब हंसने लगे। अभी वे आगे बढ़े ही थे कि अचानक ठिठक गए। गली के मोड़ पर एक बड़ा-सा कद्दू अपने आप हिल रहा था। 'हवा नहीं चल रही फिर यह कद्दू कैसे हिल रहा है?' फ्रेया चौंकी। 'तुम ठीक कह रही हो।' बच्चे हिचकते हुए थोड़ा पास पहुंचे। कद्दू के भीतर से एक धीमी आवाज आई, 'बचाओ.. मुझे यहां से निकालो।' सबकी आंखें घबराहट और आश्चर्य से फैल गईं। हिम्मत करके किआन आगे बढ़ा। उसने टॉर्च की तेज रोशनी में देखा। कद्दू के पीछे पतले बिजली के तार छिपे हुए थे, जो फूलों की घनी क्यारियों में रखे एक छोटे वायरलेस स्पीकर तक जा रहे थे। तभी क्यारियों के पीछे से एक और डरावनी आवाज आई, 'भूऽऽऽत!' चारों उछल पड़े। लेकिन अगले ही क्षण उनके कानों में ठहाका गूंजा। क्यारियों के पीछे से हंसते हुए मैक्स बाहर निकला। 'ओह! तुम फिर से..!' चारों एक साथ बोल पड़े। 'बाय गॉड, क्या शक्ल थी तुम चारों की!' मैक्स हंसा। उन सबने उसकी पीठ पर धौल जमा दी। 'यह मेरा दूसरा सरप्राइज था।' मैक्स शरारत से बोला। 'बच्चू, अगर अब तुमने कोई हरकत की तो तुम्हें छोड़ेंगे नहीं।' रायन हंसते हुए बोला। पांचों दोस्त अपनी चॉकलेट से भरी बास्केट उठाकर आगे बढ़ ही रहे थे कि अचानक फ्रेया रुक गई।

'शश्श्श!'

'अब क्या हुआ?' माइकल ने पूछा।

उसने सामने सड़क की ओर इशारा किया, 'वहां देखो!' सबने देखा, सड़क के दूसरी ओर स्ट्रीट लाइट के नीचे काला लंबा कोट और हैट पहने एक व्यक्ति खड़ा था। अंधेरे में उसका चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा था। 'देखो, इसके हाथ में एक लालटेन है।' किआन बोला। उस आदमी ने पांचों को देखा और तेजी से मुड़कर गायब हो गया। 'हमें चलकर देखना चाहिए, वह कौन है और इतनी जल्दी कहां गायब हो गया?' माइकल बोला। तभी सामने वाले घर में पीली रोशनी जल उठी और घर के अंदर से ठक-ठक की आवाज आई। माइकल घबराकर बोला, 'मुझे लगता है कि इस घर में कोई है!' 'लेकिन यह घर तो कई दिनों से बंद है।' रायन ने बताया। अचानक खिड़की पर एक परछाई दिखाई दी। वह धीरे-धीरे दाएं से बाएं सरकी और फिर गायब हो गई। 'वह कौन था?' माइकल ने फुसफुसाकर पूछा। किआन हिम्मत करके दरवाजे के पास पहुंचा। वहां जमीन पर एक छोटी-सी लालटेन रखी थी। उसकी रोशनी सामने पेड़ पर पड़ रही थी। पेड़ की टहनी पर एक चाबी लटक रही थी।



'यह क्या चक्कर है? इतनी ऊंचाई पर किसने चाबी टांगी है?' रायन बोला।



'देखते हैं।' किआन ने पास पड़ी छड़ी से चाबी नीचे गिराई। चाबी उठाते ही घर के भीतर से जोरदार आवाज आई, 'धड़ाम..!' पांचों बच्चे उछल पड़े। 'हा हा हा डर गए..!' बच्चों ने पलट कर देखा। काले कोट और हैट में कोई और नहीं मिस्टर ब्राउन खड़े थे और ठहाका लगा रहे थे।

'ओह मिस्टर ब्राउन! आपने तो हमें डरा ही दिया।' बच्चे खिलखिलाए।

मिस्टर ब्राउन मुस्कुराकर बोले, 'लेकिन असली रहस्य अभी बाकी है।' उन्होंने चाबी से पेड़ के नीचे रखे एक छोटे से लकड़ी के बक्से का ताला खोला। अंदर छोटी-छोटी लालटेनें, कैंडीज और चॉकलेट्स थीं। उन्होंने बच्चों की बास्केट्स में सभी चीजें पलटते हुए कहा, 'हर साल मैं हेलोवीन पर बच्चों के लिए रोमांचक खेल तैयार करता हूं। तुमसे पहले अभी तीन बच्चे आए थे, मुझे दूर से ही देख डर कर भाग गए।' मिस्टर ब्राउन फिर हंसे, 'मुझे खुशी है, तुम लोग बहादुर निकले।'

'ओह अंकल, अगली बार इतना मत डराना।' फ्रेया ने मुस्कुरा कर कहा। पांचों बच्चों की बास्केट्स अब पूरी तरह भर चुकी थीं। रात भी हो गई थी। मिस्टर ब्राउन को 'हैप्पी हेलोवीन' कहते हुए पांचों बच्चे जगमगाती सड़कों से अपने घर की ओर चल पड़े।

हेलोवीन की आज की शाम उनके लिए रोमांचक और यादगार शाम बन गई थी। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

रोचक-मनोरंजक चित्रकथा

बच्चो, तुम्हारे लिए चित्रकथा की एक रोचक किताब आई है। किताब का शीर्षक है- मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर। यह किताब दो भाषाओं- हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। मूल अंग्रेजी किताब का नाम है- ए होम फॉर माय लिटिल फ्रेंड। इस किताब के लेखक हैं राकेश आनंद बख्शी, जो कि मशहूर गीतकार आनंद बख्शी के सुपुत्र हैं। तुम्हारे लिए इस किताब का हिंदी अनुवाद किया है डॉ. शालिनी अगम ने।



सुंदर रंगीन चित्रों से सजी यह किताब, तुम्हें नीसा नाम की एक लड़की और एक छोटी-सी घायल मछली की दोस्ती के बारे में बताती है। घर की जरूरत और महत्व की जानकारी देती है। इस किताब के सार के रूप में लेखक कहते हैं- सभी जीवों की सही जगह उनका प्राकृतिक घर होता है। जो हमें हमारा घर ढूंढ़ने में मदद करें, वे बहुत खास होते हैं। इस किताब के अंग्रेजी-हिंदी दोनों वर्जन उपलब्ध हैं। उर्वा शर्मा द्वारा बनाए गए चित्रों ने इस किताब को और भी खूबसूरत बना दिया है। *

किताब : मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर, **लेखक :** राकेश आनंद बख्शी, **अनुवाद :** डॉ. शालिनी अगम, **मूल्य :** 250 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक प्रकाशन, नई दिल्ली

हंसगुल्ले

पप्पू: ऐसी कौन-सी चीज है, जो तुम ब्रेकफास्ट में कभी नहीं खा सकते हो?
गप्पू: लंच और डिनर।
- रोशनी, भिलाई

टीचर: कल मैं चांद पर लेक्चर देने जा रही हूं, तुम लोग क्लास मिस मत करना।
चिंटू: लेकिन मैं नहीं आ पाऊंगा मैम।
टीचर: क्यों?
चिंटू: वो क्या है कि मेरी मम्मी मुझे इतनी दूर जाने नहीं देंगी।
-कुणाल, बिलासपुर

भोलू: वह कौन सा अंग्रेजी का शब्द है, जिसे कोई 'राइट' नहीं लिख सकता?
गोलू: ऐसा कौन सा शब्द है? तू ही बता।
भोलू: वह शब्द है-रॉन्ग।
- रोहन, भोपाल

जीके क्विज-229

1. पैरा एशियाई खेल 2026 में मोना अग्रवाल ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?
2. भारतीय वायु सेना के 94वें स्थापना दिवस पर एयर शो का आयोजन कहां किया गया?
3. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
4. बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
5. शुष्क बर्फ किस गैस के ठोस रूप को कहते हैं?
6. महाकालेश्वर मंदिर किस राज्य में स्थित है?
7. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
8. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
9. झारखंड की राजधानी कहां है?
10. संयुक्त राष्ट्र दिवस कब मनाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-229 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-228 का उत्तर : 1. समर्थक, 2. महर्षि वाल्मीकि, 3. फ्रांसिस हाल्जेन, 4. सीपीयू, 5. 31 अक्टूबर, 6. लोकसभा, 7. भारत रत्न, 8.विटामिन सी, 9. सरदार वल्लभ भाई पटेल, 10. कंचनजंगा

जीके क्विज-228 का सही उत्तर देने वाले : कबीर-हिसार, रचित-रायपुर, कुसुम-बिलासपुर, रोहन-महेंद्रगढ़, सुमन-ईमेल से, दिव्या-रोहतक, प्रियांश-बलौदा बाजार, हर्षित-कटनी, पूनम-महासमुंद, कुणाल-दुर्ग, तृषा-दिल्ली

एडवाइस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, अपने मम्मी-पापा से तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी। ज्यादातर तुम उससे कोई खाने की चीज खरीदते होगे या फ्रेंड्स के साथ पार्टी करते होगे। लेकिन अगर तुम अपनी पॉकेट मनी से दूसरों की मदद करो, तो तुम्हें बहुत खुशी मिलेगी।

खूब समझदारी से करो पॉकेट मनी का इस्तेमाल



बच्चो, जब भी तुमको पॉकेट मनी मिलती है, तुम फटाफट उसे खर्च करने के बारे में सोचने लगते होगे। लेकिन हम तुमको यहां पिछले दिनों चर्चित रही मन को छू लेने वाली एक घटना के बारे में बता रहे हैं, जिसके बारे में जानकर तुम अपनी पॉकेट मनी सही तरीके से खर्च करना सीख जाओगे। उत्तर प्रदेश स्थित आगरा शहर के एक स्कूल में तीसरी क्लास के बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी के पैसे जोड़कर अपने गरीब सहपाठी की मदद की। दरअसल, उस बच्चे की फीस में 700 रुपए कम पड़ रहे थे। सभी क्लासमेट्स ने मिलकर उसकी फीस जमा कर दी, ताकि वह भी पूरी क्लास के साथ एग्जाम दे पाए। जरा सोचो, इन बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी खेलने या खाने में फटाफट खर्च कर डालने के बजाय पैसे बचाकर रखे होंगे, तभी वे अपने साथी की हेल्प कर पाए। तुमको भी पैरेंट्स से मिलने वाली पॉकेट मनी को सही और सार्थक तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए।

सेविंग करना अच्छी हैबिट: बात चाहे मम्मी-पापा से मिली पॉकेट मनी की हो या फिर किसी त्योहार या बर्थ-डे पर बड़ों से आशीर्वाद के रूप में मिले पैसों की। तुम्हें सब कुछ खर्च करने के बजाय थोड़ी बचत भी करनी चाहिए। फिजूलखर्ची के बजाय सेविंग करना अच्छी आदत है। यह बचत किसी की मदद करने में काम आ सकती है। अपनों को सरप्राइज देना चाहो तो उपहार खरीदने के लिए यूज की जा सकती है। इतना ही नहीं किसी मनपसंद खिलौने या गेम के लिए भी अपने बचाए पैसे काम में ले सकते हो। अपनी पॉकेट मनी से खरीदकर कोई पेड़ लगा सकते हो। सेविंग से जुड़ी तुम्हारी यह समझदारी भरी आदत मम्मी-पापा को भी अच्छी लगेगी।



मदद से मिले खुशी: किसी की छोटी से छोटी मदद करना भी मन को बहुत बड़ी खुशी देता है। इतना ही नहीं, किसी की किसी भी रूप में की गई सहायता हमारे मन में करुणा और अपनत्व की भावना जगाती है। प्यारे से जुड़ाव को बल देती है। यूं किसी भी कई तरह से किसी अपने-पराए की हेल्प की जा सकती है। पर कई बार सामूहिक रूप में फाइनेंशियल मदद करना बड़ी राहत देने वाली बात होती है। इसके लिए अपनी पॉकेट मनी को मैनेज करना बहुत जरूरी है। अगर पैसे मिलते ही उसे खर्च कर दिए तो परेशानी में फंसे किसी साथी की हेल्प कैसे कर पाओगे? मुसीबत में मदद करने के अलावा भी तुम नियमित अपनी पॉकेट मनी का कुछ हिस्सा किसी की सहायता के लिए रख सकते हो। किसी त्योहार पर या अपने जन्मदिन पर किसी जरूरतमंद की हेल्प करना तुम्हारे दिन को और खास बना देगा। हेल्प करने की यह हैबिट तुम्हारे मन में ही नहीं समाज में प्रेम और परवाह के भाव को बढ़ाने वाली आदत है।

आत्मनिर्भर बनने की सोच: पॉकेट मनी में मिले कुछ पैसे हमेशा अपने पास रखने चाहिए। कभी स्कूल वैन न आने पर अचानक स्कूल से खुद घर आना हो, तो ऑटो-टैक्सी का किराया तुम्हारे पास होगा। स्कूल कैंटीन में कुछ खाने का मन हो या अपने दोस्तों के साथ ट्रीट करनी हो तो सोचना नहीं पड़ेगा। कोई क्लासमेट टिफिन भूल आए, तो उसके साथ भी कैंटीन में खाना शेयर कर सकते हो। जानते हो मम्मी-पापा पॉकेट मनी देते ही इसलिए हैं कि तुम पैसे की वैल्यू समझ सको। सही ढंग से और सही जगह खर्चा करना सीखो। जेब खर्च को बिना सोचे-समझे एक ही बार में खर्च कर डालने के बजाय मनी मैनेजमेंट सीखना बहुत जरूरी है। यह हैबिट बड़े होने पर भी तुम्हारे लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। इसलिए आज ही से खुद से प्रॉमिस करो कि पॉकेट मनी का कुछ पार्ट तुम जरूर सेव करोगे। *

कविता / देवी प्रसाद गौड़

पों-पों करती बस आ जाती



सभी इमेज एआई

पों-पों कर के रोज सवेरे,
रंग-बिरंगी बस आ जाती।
बस्ता लेकर जल्दी आओ,
खड़ी द्वार पर हमें बुलाती।।
झांक रहा खिड़की से चुन्नू,
देख-देख मुझको मुस्काता।
देर जरा भी हो जाती तो,
चालक भैया शोर मचाता।।
भरी ठसाठस धीरे-धीरे,
सबसे पीछे गौरा चढ़ती।
खिसक-खिसक, तू उधर खिसक जा
सब बच्चों से बस में लड़ती।।
कोई कुछ भी बोल गया तो,
बात-बात पर ठिन-ठिन करती।
पूजा बैठी नजर झुका कर,
इससे रहती डरती-डरती।।

तरह-तरह के बच्चे चढ़ते,
मोटर में मेला लग जाता।
कोई हंसता कोई रोता,
कोई घर की कथा सुनाता।।
मधुमंगल पूजा का भाई,
उसे चिढ़कर टॉफी खाता।
कोई बाहर हाथ हिला कर,
बाय-बाय करने लग जाता।।
बड़ी मधुर छुट्टी की घंटी,
इसकी टन-टन बहुत सुहाती।
मम्मी-पापा खेल खिलौने,
सारे घर की याद दिलाती।।
मुरझाए से फूल खिलाती,
घंटी जादू-सा कर जाती।
चले दौड़ कर गिरते-पड़ते,
पलक झपकते बस भर जाती।।

अंतर बताओ

बच्चो, यहां मैजिक शो कर रहे चीकू खरगोश के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में आठ अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1.चीकू का मुंह बंद है। 2.चीकू की बी टाई का कलर अलग है। 3.चीकू के मैजिक स्टिक का निचला हिस्सा व्हाइट है। 4.कलरफुल एग के बीच वाले सर्किल का कलर अलग है। 5.चित्र में एक स्टार अधिक दिख रहा है। 6.ऊपर दाईं तरफ पर्दे में एक फोल्ड अधिक है। 7.नीचे बाईं तरफ पर्दे में एक फोल्ड अधिक है। 8.बाईं तरफ पर्दे में एक नॉट अधिक बंधा हुआ है।

नाम पूरा करो

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में बाईं तरफ कुछ एनिमल्स के चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ अंग्रेजी में उनके नाम लिखे गए हैं, लेकिन इनमें से प्रत्येक के नाम में एक लेटर मिसिंग है। तुम वो मिसिंग लेटर लिखकर इन एनिमल्स के नाम पूरे करो।



monke ____
shee ____
chicke ____
goa ____

खबर संक्षेप

रोडवेज कर्मचारी आज करेंगे गेट मीटिंग

हिसार। हरियाणा रोडवेज के हिसार डिपो में कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर सांझा संघर्ष समिति के नेतृत्व में चल रहा धरना 37वें दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने अपनी मांगों का समाधान नहीं होने पर रोष जताते हुए 30 अक्टूबर को डिपो परिसर में होने वाली गेट मीटिंग को सफल बनाने का आह्वान किया। धरने की अध्यक्षता कर्मबीर मसूदपुर ने की, जबकि मंच का संचालन अमित जुगलान ने किया।

कर्मचारियों की मांगों में बकाया रात्रि भत्ते और ओवरटाइम का भुगतान, एलटीसी एवं एसीपी के लंबित मामलों का निपटारा, कर्मचारियों के लंबित केसों का समाधान तथा मुख्यालय की हिदायतों के अनुसार मार्ग रोटेशन लागू करना शामिल है।

वामपंथी पार्टियों की रैली में उमड़ेगी भीड़: सिवाच

हिसार। मताधिकार बचाओ - लोकतंत्र बचाओ व देश बचाओ को लेकर एक नवंबर को दिल्ली में होने वाली इंडिया ब्लॉक की रैली में हरियाणा से वामपंथी पार्टियों के नेतृत्व में हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। यह जानकारी सीपीआई (एम) के जिला सचिव दिनेश सिवाच व सीपीआई नेता एमएल सहगल ने तैयारियों को लेकर दोनों वामपंथी पार्टियों के नेतृत्व की बुलाई मीटिंग में दी।

युवा स्वयंसेवक सीख रहे डिजिटल तकनीक

हिसार। केंद्र सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत द्वारा 31 अक्टूबर तक उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान में युवा स्वयंसेवकों के लिए छह दिवसीय आवासीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान माय भारत पोर्टल की प्रमुख विशेषताओं, माय भारत मोबाइल ऐप, युवाओं के पंजीकरण, युवा क्लब पंजीकरण तथा एक्सपीरिएंशियल लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से युवा सहभागिता जैसे विषयों पर जानकारी दी जा रही है।

श्रद्धालुओं के जत्थे का बरवाला में हुआ स्वागत

बरवाला। श्री साईं सेवा समिति बरवाला के तत्वावधान में प्रोजेक्ट चेयरमैन संजीव भाटिया और प्रोजेक्ट चेयरमैन तरुण कक्कड़ के नेतृत्व में 19वीं श्री साईं शिरडी यात्रा के लिए गया श्रद्धालुओं का एक जत्था धार्मिक स्थलों के दर्शन करके वापिस लौटा। बरवाला लौटने पर श्रद्धालुओं के इस जत्थे का स्वागत किया गया। प्रोजेक्ट चेयरमैन संजीव भाटिया और प्रोजेक्ट चेयरमैन तरुण ककड़ ने बताया कि श्रद्धालुओं के इस जत्थे ने शिरडी, शनि सिंगनापुर, सिद्धीविनायक, गणपति महाराज, नासिक, पंचवटी, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग व भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और माथा टेककर आशीर्वाद ग्रहण किया।

बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन 1 नवंबर से

हिसार। हरियाणा सरकार शिक्षित बेरोजगार युवाओं को आर्थिक सहायता देने के लिए सामान्य बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत वित्त वर्ष 2026-27 के आवेदन 1 नवंबर से शुरू करने जा रही है। योजना का लाभ लेने के इच्छुक युवा 30 नवंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

महिला पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन 5 तक

हिसार। हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं की प्रतिभा, उपलब्धियों और समाज के प्रति उनके योगदान को प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष 2026-27 के राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इन पुरस्कारों के लिए पात्र महिलाओं से 5 नवंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि शिक्षा, सामाजिक कार्यों तथा अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से यह पहल की गई है।

हकृवि में नवाचार, उद्यमिता व युवा शक्ति विषय पर गोष्ठी

नवाचार व उद्यमिता से आत्मनिर्भर बनेंगे देश के युवा : प्रो. काम्बोज

- आर्थिक विशेषज्ञ सतीश कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और स्वदेशी शोध संस्थान की ओर से मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में 'नवाचार, उद्यमिता और युवा शक्तिः विकसित भारत-2047' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। आर्थिक विशेषज्ञ सतीश कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसके लिए युवाओं में नई सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नेतृत्व क्षमता और समस्याओं का समाधान खोजने की योग्यता विकसित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों को युवाओं को ज्ञान और कौशल देकर देश के विकास के लिए तैयार करना चाहिए। कुलपति ने कहा कि युवाओं को केवल नौकरी पर निर्भर रहने के बजाय अपने नए विचारों से व्यवसाय शुरू करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, डिजिटल तकनीक और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में नए काम शुरू करने की काफी संभावनाएं हैं। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी और मजबूती मिलेगी।



हिसार। मुख्य वक्ता सतीश कुमार को सम्मानित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। फोटो : हरिभूमि

नवाचार को अपनाकर देश की प्रगति में योगदान दे युवा वर्ग : सतीश कुमार

मुख्य वक्ता सतीश कुमार ने कहा कि युवाओं को नए विचारों को काम में लाने और उद्यमिता के माध्यम से रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी प्रतिभा और कौशल को पहचानने तथा भविष्य की चुनौतियों के अनुसार खुद को तैयार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को केवल नौकरी पाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि अपने नए विचारों के आधार पर रोजगार देने वाला बनने का प्रयास करना चाहिए। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक विक्रमादित्य व प्रांत संगठक कुलदीप सहित हकृवि के विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, वैज्ञानिक, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

रोगों से बचना है तो संग्रह की प्रवृति का त्याग करना होगा : डॉ. गोपाल शास्त्री

- अग्रसेन भवन में स्वास्थ्य एवं अध्यात्म प्रयोगशाला समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अग्रसेन भवन ट्रस्ट द्वारा आयोजित स्वास्थ्य एवं अध्यात्म प्रयोगशाला के अंतिम दिन बदरी नारायण सेवाग्राम, मेरठ से आये डॉ. गोपाल शास्त्री ने साधकों को बताया कि अगर रोगों से बचना है-चाहे शरीर की बीमारी हो, मन की चिंता हो या बुद्धि का भय हो, तो संग्रह की प्रवृति का त्याग करना होगा। शरीर में मल, मन में इच्छाएं और बुद्धि में अहंकार रुपी कूड़ा ही हमें बीमार बनाता है। कूड़ा होगा को कीड़ा भी होगा। अगर कूड़ा नहीं होगा तो कीड़ा भी नहीं होगा। शरीर से कूड़ा निकल जाएगा तो मन व बुद्धि निर्मल हो जाएगी और मनुष्य अपने स्वरुप को प्राप्त कर स्वस्थ एवं सुखी हो जाएगा। डॉ. शास्त्री ने महान भारतीय ग्रंथों, वेदों के उदाहरण देकर तथा वैज्ञानिक खोजों को बड़े ही सरल और रोचक विधि से समझाया।

प्रयोगशाला में साधक सत्यनारायण शर्मा एडवोकेट ने भी विचार रखे। समापन अवसर पर दर्जनों साधकों ने एक सप्ताह तक शिविर में आने और इससे हुए स्वास्थ्य लाभ के बारे में अपने अनुभव सांझा किये। साधकों ने स्पष्ट रुप से कहा कि अपने आप को स्वस्थ रखने के लिये हम खुद ही अपने शरीर के डॉक्टर हैं।


हिसार। स्वास्थ्य एवं अध्यात्म प्रयोगशाला के अंतिम दिन मंच से अपने अनुभव बताते साधक।

हकृवि में करवा चौथ पर मेहंदी प्रतियोगिता में दिखी प्रतिभा


हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में करवा चौथ के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम डॉ. कविता ढुआ के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें छात्राओं और महिलाओं ने भाग लिया। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. मोनिका शर्मा ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद करते हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. किरण सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान बढ़ाते हैं। उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए उपयोगी बताया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सुंदर मेहंदी डिजाइन बनाकर अपनी कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

इनेलो ने सरकार पर लगाया किसानों की अनदेखी का आरोप


हांसी। इनेलो के राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान ने भाजपा सरकार पर किसानों की अनदेखी, धान की एमएसपी से कम भाव पर खरीद और यूरिया की कालाबाजारी को लेकर निशाना साधा। गुरुवार को हांसी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि मंडियों में किसानों को धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य से 200 से 300 रुपये प्रति क्विंटल तक कम भाव मिल रहा है। उन्होंने सरकार से भावांतर योजना के तहत किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की। लोहान ने कहा कि मुख्यमंत्री पंजाब में फसलों की एमएसपी पर खरीद के दावे करते हैं, जबकि हरियाणा में किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि जिन किसानों की धान की फसल एमएसपी से कम भाव पर बिकी है, उन्हें मूल्य के अंतर की भरपाई की जाए।

एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध के प्रति जागरूकता पर रहेगा फोकस


हिसार। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आगामी 20 नवंबर, 2026 को भारतीय फार्मेसी परिषद द्वारा राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के तहत विश्व फार्मासिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस बड़े आयोजन की तैयारियों को लेकर कुलपति कार्यालय के कमेटी हॉल में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा राज्य फार्मेसी परिषद, पंचकूला के अध्यक्ष बी.बी. सिंघल ने की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम का मुख्य विषय (थीम) "स्वस्थ भारत-रोगाणुरोधी प्रतिरोध का मुकाबला" रखा गया है। इसके तहत एंटीबायोटिक दवाओं के अनावश्यक उपयोग को रोकने, दवाओं के विवेकपूर्ण इस्तेमाल को बढ़ावा देने और एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस के बढ़ते खतरे के प्रति आमजन को जागरूक करने पर विशेष बल दिया जाएगा। कार्यक्रम के राज्य समन्वयक एवं गुजवि के प्रो. यशपाल सिंगला ने समारोह की रूपरेखा प्रस्तुत की और विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपीं।

अग्रवाल महिला सम्मेलन की स्वर्णिम संध्या में संस्कृति और कला का संगम

- रामायण की प्रस्तुति और राधा-कृष्ण की झांकी ने मोहा मन, महिलाओं ने गरबा कर मनाया उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की ओर से करवा चौथ एवं दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में सुखराज होटल में 'स्वर्णिम संध्या' का आयोजन किया गया। महिला शक्ति, भारतीय संस्कृति और कला के अनूठे संगम से सजे इस कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।

शुभारंभ कल्पना गर्ग एवं पुष्पा जैन ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का आकर्षण रामायण के संक्षिप्त रूप की प्रस्तुति रही, जिसे आशा, वर्षा, रीचू, नीरू, गीतांजलि, आरजू, ईशा, बबीता, मीनाक्षी और रुचि ने प्रस्तुत किया। वहीं, राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष अनीता जैन और हिसार जिला अध्यक्षा एकता जैन उपस्थित रहीं। आयोजन में निर्मल गुप्ता, पुष्पा बंसल, वीना जैन, सुमन जैन, संतोष खरड़िया, शकुन जैन, रजनी गर्ग, रेनू मित्तल, सुमन गोयल, सुमन सिंगला, आशा मित्तल, सुनीता चराया, रेणु खुराना, डॉ. संध्या, राज सैनी और निशा आहूजा व अन्य ने भागीदारी निभाई।


हांसी। संस्कृति और कला का संगम कार्यक्रम में भाग लेती अग्रवाल महिला समिति सदस्य।

आयकर विभाग ने करदाताओं से किया संपर्क, दी जरूरी जानकारी


हिसार। आयकर विभाग, रोहतक ने आयकर की प्रधान आयुक्त, रोहतक शिवानी सिंह के मार्गदर्शन में लघु करदाताओं की विदेशी परिसंपत्तियों की प्रकटीकरण योजना पर जनसंपर्क एवं संवादात्मक सत्र आयोजित किया। इस अवसर पर शिवानी सिंह मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहीं। इस सत्र में रोहतक में तैनात आयकर विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ रोहतक, पानीपत, जींद और हिसार की टैक्स बार एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें आयकर बार एसोसिएशन, रोहतक के अध्यक्ष एस. के. जैन तथा जिला टैक्स बार एसोसिएशन, एडवोकेट्स के अध्यक्ष शिव गुप्ता शामिल थे। रोहतक प्रभार क्षेत्र के प्रमुख करदाताओं ने भी भाग लिया, जिनमें एलपीएस बॉसार्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन, ग्रामीण बैंक, रोहतक के महाप्रबंधक राकेश कुमार तथा रोहताश फास्टनर्स के प्रबंध निदेशक आशीष बंसल शामिल थे।

गायत्री विद्या मंदिर की छात्राओं ने जानी सरकारी विभागों की कार्यप्रणाली


हांसी। कृष्णा कॉलोनी स्थित गायत्री विद्या मंदिर स्कूल की छात्राओं ने प्रशासन से परिचय अभियान के सातवें सप्ताह के पहले दिन विभिन्न सरकारी विभागों का दौरा कर उनकी कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा। टीम इंचार्ज पूनम सिंधु के नेतृत्व में छात्राओं ने प्रशासनिक अधिकारियों से संवाद कर नागरिक सेवाओं, सुरक्षा व्यवस्था और सरकारी योजनाओं की जानकारी हासिल की। इस अवसर पर प्राइवेट स्कूल संघ हांसी के प्रधान एवं विद्यालय निदेशक रविंद्र अत्री ने एडीसी आईएएस लक्षित सरीन का आभार जताया। समाधान शिविर में नायब तहसीलदार सुरेश कुमार ने छात्राओं को परिवार पहचान पत्र से जुड़ी समस्याओं के समाधान तथा राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। एसडीएम राजेश खोथ ने छात्राओं से उनके भविष्य के सपनों के बारे में चर्चा की। उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों और ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया की जानकारी दी तथा छात्राओं को उपहार भेंट कर प्रोत्साहित किया।

बाल महोत्सव में विद्यार्थियों ने गायन रागनी और भाषण से बांधा समा

- तीसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखी प्रतिभा, बार एसोसिएशन प्रधान सुदेश कुमार ने बढ़ाया उत्साह



हांसी। बाल भवन में आयोजित जिला स्तरीय बाल महोत्सव के तीसरे दिन विद्यार्थियों ने सोलो सॉन्ग, हरियाणवी रागनी और भाषण प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से आयोजित महोत्सव में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। गायन, लोक संस्कृति और प्रभावशाली अभिव्यक्ति से जुड़ी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का ध्यान खींचा। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन हांसी के प्रधान एडवोकेट सुदेश कुमार मुख्य अतिथि रहे, जबकि वाइस प्रेसिडेंट एडवोकेट नीलम और अजय सचदेवा विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है। ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी क्षमता दिखाने, आत्मविश्वास बढ़ाने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का अवसर देते हैं।

सर्दियों की आहट के साथ एक्शन में आया नगर निगम प्रशासन

- संयुक्त आयुक्त ने जगजीवन नगर रैन बसेरे का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्था बेहतर बनाने के दिए निर्देश

हिसार। सर्दियों की शुरुआत के साथ ही जरूरतमंदों और बेघर लोगों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए नगर निगम प्रशासन अभी से एक्टिव हो गया है। शहर के रैन बसेरों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से संयुक्त आयुक्त कुलभूषण बंसल ने गुरुवार को जगजीवन नगर स्थित रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपलब्ध सुविधाओं, बेड व ठहरने की पूरी व्यवस्था का जायजा लिया। इस मौके पर एपीओ सुनील वर्मा और सौरभ भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त कुलभूषण बंसल ने कहा कि सर्दियों का मौसम दस्तक दे चुका है, ऐसे में रैन बसेरों में आश्रय लेने वाले को किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी रैन बसेरों में सफाई, बिस्तरों और ठहरने के पुख्ता इंतजाम रखे जाएं ताकि ठंड में जरूरतमंद सुरक्षित स्थान पर रात गुजार सकें।


हिसार। रैन बसेरे का निरीक्षण करते संयुक्त आयुक्त कुलभूषण बंसल।

बुधला संत मंदिर में भजनों पर झूमे श्रद्धालु


हिसार। अखिल भारतीय सेवा संघ की हिसार शाखा के अध्यक्ष डॉ. हेमंत आहूजा का जन्मदिन ऋषि नगर स्थित बुधला संत मंदिर में धार्मिक आस्था, भक्ति और सामाजिक सरोकारों के बीच सादगी से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुई। हनुमान चालीसा पाठ के बाद भजन गायक टीनू आहूजा और अन्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक धार्मिक भजनों की प्रस्तुति दी। टीनू आहूजा की सुरीली आवाज और भावपूर्ण गायन ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे डॉ. हेमंत आहूजा ने अपने जन्मदिन को व्यक्तिगत उत्सव तक सीमित रखने के बजाय धार्मिक एवं सामाजिक सरोकारों से जोड़कर मनाया। समारोह में मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व मेयर गौतम सरदाना, राजेश अरोड़ा, ज्योति वर्मा, पंकज दीवान, डॉ. दीपक नागपाल, मोहित गिरधर, विनोद धवन, रामचंद्र गुप्ता, राजेंद्र सपड़ा, जतिन वधवा, संदीप भाटिया, नरेंद्र ढुल, विनोद गोयल, गुलशन कथूरिया, संजीव राजपाल, संजय सेहरा, लोकेश अनेजा, रवि मेहता, विनोद वर्मा मौजूद रहे।

एसएफआई के जिला सम्मेलन में भूपेश सोनी जिला अध्यक्ष व देव जिला सचिव चुने गए

छात्र प्रतिनिधियों ने आगे की रणनीति पर किया विचार-विमर्श

शिक्षा के निजीकरण और बेरोजगारी के खिलाफ आंदोलन तेज करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) का जिला सम्मेलन जाट धर्मशाला में आयोजित किया गया। सम्मेलन में जिलेभर से आए छात्र प्रतिनिधियों ने भाग लिया और छात्र आंदोलन को मजबूत करने, शिक्षा से जुड़े सवालों तथा विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में एसएफआई की अखिल भारतीय उपाध्यक्ष कॉमरेड शिल्पा सुरेंद्रन तथा समापन सत्र में एसएफआई के राज्य अध्यक्ष कॉमरेड अक्षय महाला और राज्य सचिव कॉमरेड सुखदेव बूरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान संगठन की पिछली गतिविधियों की समीक्षा की गई और आगामी समय में छात्र हितों के मुद्दों को लेकर आंदोलन तेज करने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आज देश की शिक्षा व्यवस्था अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है। शिक्षा का लगातार महंगा होना, शिक्षण संस्थानों में मूलभूत सुविधाओं की कमी, सरकारी शिक्षण संस्थानों की अनदेखी, शिक्षा का निजीकरण और बढ़ती बेरोजगारी छात्र-युवाओं के सामने गंभीर समस्याएं हैं।



हिसार। एसएफआई के जिला सम्मेलन में भाग लेते प्रतिनिधि।

नई जिला कमेटी और सचिवमंडल का गठन

सम्मेलन में संगठनात्मक चर्चा के बाद नई 17 सदस्यीय जिला कमेटी के गठन की प्रक्रिया पूरी की गई। इसमें भूपेश सोनी को जिला अध्यक्ष और देव को जिला सचिव चुना गया। इसके साथ ही सात सदस्यीय सचिवमंडल का गठन किया गया, जिसमें नवदीप और आरजू को उपप्रधान, नैना और विशाल को सहसचिव तथा निखिल राजली को सचिवमंडल सदस्य चुना गया। नई जिला कमेटी में नेहा, गहना, जतिन, शुभम, मोहित, यश, कार्तिक और विनीत को भी शामिल किया गया।

खबर संक्षेप

राजकीय कॉलेज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आज से

हिसार। गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 30 व 31 अक्टूबर को होगा। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला बतौर मुख्य अतिथि प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे, वहीं 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त प्राचार्या डॉ. दीपमाला लोहान समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगी। आयोजन सचिव डॉ. सुखबीर सिंह दूहन ने बताया कि महाविद्यालय की दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन व समापन समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. अंजू चौधरी करेंगी। डॉ. दूहन ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समापन पर विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

दिव्यांग केंद्र में फ्री नेत्र ऑपरेशन शिविर आज

हिसार। बस स्टैंड के पास ऋषि नगर स्थित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में आंखों का निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर 30 अक्टूबर को लगाया जाएगा। शिविर में दिव्यांग केंद्र के चिकित्सक 20 जरूरतमंद लोगों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन करेंगे। नेत्र ऑपरेशन से पहले स्वास्थ्य जांच भी निशुल्क की जाएगी। इस अवसर पर यथासंभव दवाइयां भी फ्री उपलब्ध करवाई जाएंगी। हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष सीए रामनिवास अग्रवाल व सचिव मांगेराम गुप्ता ने बताया कि दिव्यांग केंद्र में होने वाले फ्री नेत्र ऑपरेशन में बहुत से लोगों का सहयोग रहता है।

इंडिया गठबंधन के आरोप निराधार : आशा

हिसार। भाजपा की जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ के मार्गदर्शन में हिसार जिले में चलाए जा रहे लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत पूर्व प्रदेश सचिव सरोज सिहाग, जिला उपाध्यक्ष संजीव रेवाड़ी और मीडिया प्रभारी सुरेश गोयल धूपवाला ने विपक्ष के आरोपों को भ्रामक बताया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह राष्ट्रव्यापी जनसंपर्क अभियान है, जिसका उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक संस्थाओं और चुनावी प्रक्रिया के प्रति जनता के विश्वास को और मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन द्वारा लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं।

क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

आदमपुर। शिव कॉलोनी स्थित मदर्स प्राइड कॉन्वेंट स्कूल में आज इंटर-हाउस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चार सदनों- नोवा, एक्वा, ओरियन और टेरा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपने ज्ञान, प्रतिभा और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को रोचक एवं ज्ञानवर्धक बनाने के लिए विभिन्न चरणों में प्रश्न पूछे गए। इनमें बजर राउंड, ऑडियो राउंड, विजुअल राउंड और रैपिड फायर राउंड शामिल रहे। सभी सदनों के प्रतिभागियों ने पूरे आत्मविश्वास और टीम भावना के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

नारनौंद शहर में चारों ओर पसरी गंदगी प्रशासन के दावों की पोल खोल रही

त्योहारों के सीजन में नारनौंद में फैली गंदगी, 6 वार्डों में सफाई का जिम्मा महज 30 कर्मचारियों के भरोसे, टेंडर भी अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

आने वाले दिनों में दीपावली समेत कई प्रमुख त्योहार आ रहे हैं। एक तरफ जहां लोग अपने घरों की साफ-सफाई कर उन्हें चमकाने में जुटे हैं, वहीं दूसरी तरफ नारनौंद शहर में चारों ओर पसरी गंदगी प्रशासन के दावों की पोल खोल रही है।

नगर पालिका के बड़े-बड़े दावों के बावजूद शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिससे कस्बे की सुंदरता पर दाग लग रहा है। वर्क ऑर्डर अटका, डोर टू डोर व रोड स्वीपिंग ठप नारनौंद शहर के 16 वार्डों में सफाई व्यवस्था का पूरा ढर्रा पिछले काफी समय से चरमराया हुआ है। हालत यह है कि इतने बड़े क्षेत्र में सफाई का जिम्मा महज 30 कर्मचारियों के कंधों पर है। नारनौंद शहर में चारों ओर पसरी गंदगी प्रशासन के दावों की पोल खोल रही है।जानकारी के अनुसार शहर में डोर-टू-डोर गारबेज कलेक्शन और रोड स्वीपिंग का टेंडर तो लग चुका है, लेकिन अभी तक ठेकेदार को वर्क ऑर्डर नहीं मिल पाया है। प्रशासनिक प्रक्रिया में देरी का खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है।



नारनौंद। जींद-हांसी सड़क मार्ग पर अनाज मंडी के सामने लगे गंदगी के ढेर।

बीमारियों का डर, लोग पार्षदों व नपा से लगा चुके गुहार

कस्बा वासियों ने बताया कि त्योहारों के सीजन में भी अगर सफाई व्यवस्था ठीक नहीं हुई तो शहर का माहौल खराब रहेगा। जगह-जगह सड़ रहे कचरे के कारण मच्छर-मक्खी पनप रहे हैं, जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है। लोग कई बार नगर पालिका प्रशासन और अपने-अपने वार्ड पार्षदों को शिकायत दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकल सका है।

टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही व्यवस्था होगी दुरुस्त: चेयरमैन

नगर पालिका चेयरमैन शमशेर कुकन ने बताया कि टेंडर की प्रक्रिया पूरी न होने की वजह से थोड़ी परेशानी आ रही है। इसके बावजूद उपलब्ध सफाई कर्मचारी लगातार अलग-अलग वार्डों में जाकर सफाई कर रहे हैं। जल्द ही वर्क ऑर्डर जारी कर व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त कर दिया जाएगा।

रोज करवाई जा रही सफाई: सचिव

नगर पालिका सचिव प्रदीप कुमार का कहना है कि कर्मचारियों द्वारा हर रोज शहर में सफाई करवाई जा रही है। डोर-टू-डोर और रोड स्वीपिंग का टेंडर फाइनल होते ही शहर में सही तरीके से सफाई व्यवस्था बहाल कर दी जाएगी।

परिजात चौक का नाम महाराज अग्रसेन चौक रखने पर जताया आभार

हिसार। पार्षद संजय डालमिया ने पारिजात चौक का नाम महाराज अग्रसेन चौक रखने का प्रस्ताव नगर निगम सदन में रखा। इसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। मेयर प्रवीण पोपली ने प्रस्ताव पारित होने की घोषणा की। यह फैसला अग्रवाल समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने वाला साबित हुआ है। पार्षद संजय डालमिया ने कहा कि यह केवल एक चौक के नाम का परिवर्तन नहीं है, बल्कि समाजवाद, समानता और सहयोग के प्रतीक महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को नमन है। उन्होंने इस ऐतिहासिक और सराहनीय निर्णय के लिए विधायक सावित्री जिंदल और मेयर प्रवीण पोपली का आभार व्यक्त किया।

राज्य स्तरीय रंगोत्सव में हिसार का डंका

शिक्षकों ने झटके पांच गोल्ड मेडल समेत कुल सात पदक

करनाल में दिखाया हुनर का जलवा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

करनाल में समग्र शिक्षा परियोजना द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय रंगोत्सव में हिसार जिले के प्रतिभाशाली शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी कला और सांस्कृतिक प्रतिभा का परचम लहराया है। हिसार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण और 2 कांस्य पदकों सहित कुल सात उपलब्धियां अपने नाम कर जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। प्रतियोगिता में हिसार जिले से 18 प्रतिभागियों और 5 सहयोगी कर्मचारियों की टीम ने हिस्सा लिया था।

इस शानदार सफलता पर जिला परियोजना समन्वयक विजेंद्र सिंह ने सभी विजेता शिक्षकों, प्रतिभागियों और सहयोगी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि हिसार के शिक्षकों की कला, संस्कृति, रचनात्मकता और समर्पण का प्रतीक है।


हिसार। डॉ. सुमित्रा देवी को सम्मानित करते अतिथिगण।

लोक संगीत और लोकगीत में मिला तीसरा स्थान

स्वर्ण पदकों के अलावा महिला लोक वाद्य संगीत प्रतियोगिता में कोमल रानी ने और महिला लोकगीत प्रतियोगिता में डॉ. सुमित्रा संस्कृत प्रवक्ता, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखोद खेड़ा ने तीसरा स्थान हासिल कर जिले की झोली में दो और उपलब्धियां डालीं। इसके अलावा पुरुष वर्ग में दामोदर सिंह, अश्वनी कुमार, मुकेश कुमार, सुनील दत्त व संजीव कुमार तथा महिला वर्ग में सोनू कुमारी, मीना, सुमिता देवी व मीना कुमारी सहित अन्य शिक्षकों ने भी विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कुशल मार्गदर्शन और समन्वय रंग लाया

इस उपलब्धि के पीछे जिला नोडल अधिकारी प्रधानाचार्य यशपाल मोर का कुशल समन्वय, सतीश बलमिया का मार्गदर्शन व निर्देशन तथा अनिल सिवाच की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके साथ ही प्रवीन कादयान, नरेश कुमार एवं रविंद्र साहू का सहयोग भी सराहनीय रहा।

इन विधाओं में जीता गोल्ड मेडल

- **महिला थिएटर:** मीना कुमारी, संस्कृत अध्यापिका, राजकीय विद्यालय किरतान
- **पुरुष थिएटर:** सोनू मय्यड़, शारीरिक शिक्षक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, थुराना
- **महिला शास्त्रीय वाद्य संगीत:** कोमल रानी, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नगंथला
- **पुरुष त्रिआयामी चित्रकला:** प्रवीण कुमार, कला अध्यापक, राजकीय उच्च विद्यालय, अग्रोहा
- **महिला शास्त्रीय नृत्य:** नितिका, हिंदी प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, मात्रश्याम

लड़कों के वर्ग में वाणिज्य और लड़कियों के वर्ग में भूगोल विभाग बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार


हिसार। विजेता टीम को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग की ओर से दो दिवसीय अंतर-विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। समापन समारोह की अध्यक्षता भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राम सिंह बेनीवाल ने की। इस अवसर पर प्रो. राम सिंह बेनीवाल ने खिलाड़ियों को अनुशासन, टीम भावना और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। वाणिज्य विभाग के खेल समन्वयक डॉ. गौरव मित्तल के मार्गदर्शन में विभाग की टीम ने बेहतर रणनीति और एकजुटता का प्रदर्शन किया। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। आयोजन के सफल संचालन में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अरविंद की मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर दोनों विभागों के प्राध्यापक और विद्यार्थी मौजूद रहे। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रही। लड़कों के वर्ग में वाणिज्य विभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस को हराया। इससे पहले टीम ने अर्थशास्त्र और विधि विभाग को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उसने मेजबान भूगोल विभाग को पराजित किया।

बिना नंबर प्लेट वाहन मिला तो कटेगा चालान

हांसी। बिना नंबर प्लेट या नियमानुसार अनिवार्य हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के वाहन चलाने वालों पर यातायात पुलिस कार्रवाई करेगी।

वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए हांसी यातायात पुलिस ने ट्रक यूनियन और टैक्सी स्टैंड पर अभियान चलाया। इस दौरान ट्रक और टैक्सी चालकों को नंबर प्लेट लगवाने, जरूरी दस्तावेज पूरे रखने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। अभियान के तहत यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार पुलिस टीम के साथ ट्रक यूनियन और टैक्सी स्टैंड पहुंचे।

गजलकार मनचंदा के 'दिल ने जो कहा' का हुआ विमोचन


हिसार। गजलकार नीरज कुमार मनचंदा के गजल संग्रह 'दिल ने जो कहा' का विमोचन करते हुए।

हिसार। अंजुमन-ए-गजल द्वारा द्वारका नई दिल्ली में एक मुशायरे एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह साहित्यिक कार्यक्रम देश के जाने माने साहित्य शिरोमणि देवेन्द्र गोयल 'माँझी' की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रेम बिहारी मिश्र एवं परवाजे गजल के अध्यक्ष अजय अज्ञात की उपस्थिति रही। संस्था की संस्थापिका इंदु मिश्रा किरण ने पधारे सभी गजलकारों और श्रोताओं का स्वागत किया। डॉ. गुरविंदर बांगा ने मंच संचालन किया। पूनम मनचंदा द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इन अवसर पर गजलकार नीरज कुमार मनचंदा के गजल संग्रह 'दिल ने जो कहा' का विमोचन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी देवेन्द्र गोयल 'माँझी', अजय अज्ञात, पूनम मनचंदा, डॉ बबिता किरण,अमरीश शर्मा आदि रहे।

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में तेजी से बदल रही भविष्य की संभावनाएं : प्रो. राठौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार


हिसार। खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के शिक्षकों के साथ प्रो. नरेंद्र सिंह राठौड़।

शिक्षाविद् एवं वैज्ञानिक एवं पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. नरेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में भविष्य की संभावनाएं तेजी से बदल रही हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को पारंपरिक ज्ञान के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान भी अर्जित करना चाहिए। प्रो. राठौड़ गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग में शिक्षक-विद्यार्थी संवाद में बतौर मुख्यवक्ता अपना संबोधन दे रहे थे। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एफईबीटी) की डीन प्रो. अलका शर्मा, प्रो. मनीष कुमार, डॉ. ज्योति, डॉ. सोनिका, डॉ. नेहा यादव, इंजीनियर सुनील कुमार तथा इंजीनियर मिथुन भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

प्रो. राठौड़ ने विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डेटा विश्लेषण तथा प्रौद्योगिकी आधारित निर्णय प्रक्रिया के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया तथा खाद्य प्रौद्योगिकी के मूलभूत सिद्धांतों, इसके विकास क्रम तथा बदलते औद्योगिक परिदृश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रो. मनीष ने अपने धन्यवाद संबोधन में बताया कि प्रो. राठौड़ का अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच समय निकालकर विद्यार्थियों के बीच पहुंचना उनकी शैक्षणिक प्रतिबद्धता और युवा प्रतिभाओं के प्रति प्रोत्साहन को दर्शाता है।

गरुड़ की सवारी देखकर अभिभूत हुए भक्त

- ब्रह्मोत्सव में आज भगवान की सवारी नगर भ्रमण के लिए निकलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सात दिवसीय ब्रह्मोत्सव श्री तिरुपति बालाजी धाम में पूरे उत्साह के साथ जारी है। इस उत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा ले रहे हैं। तिरुपति धाम के ब्रह्मोत्सव में प्रतिदिन प्रातः व सायं निकलने वाली सवारियों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए गरुड़ की सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। गरुड़ की सवारी जब तिरुपति धाम के मुख्य द्वार 71 फुट ऊंचे गोपुरम से निकली तो इसके दर्शन करके श्रद्धालु अभिभूत हो गए अन्नत श्री विभूषित सर्वश्री नारायणाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में निकाली गई इस सवारी शोभा यात्रा के दौरान अनिल बिंदल, एस. एन. गुप्ता, रामनिवास अग्रवाल सीए, मुकेश बंसल, पुरुषोत्तम दास, मोतीराम, अनिल अग्रवाल सीए आदि शामिल रहे।


हिसार। तिरुपति धाम में ब्रह्मोत्सव के दौरान निकाली गई गरुड़ की सवारी में हिस्सा लेते अर्चक व श्रद्धालुगण। फोटो: हरिभूमि

प्रस्तावित कार्यक्रम

तिरुपति धाम में 2 नंवबर तक ब्रह्मोत्सव जारी रहेगा। 30 अक्टूबर को भगवान मोहिनी स्वरूप में नगर भ्रमण करते हुए हिसार के विभिन्न मंदिरों में दर्शन देंगे। भगवान के मोहिनी स्वरूप की सवारी शोभा यात्रा सेक्टर 14 स्थित बुधला संत मंदिर, गांधी चौक के श्री हनुमान मंदिर एवं ग्रीन पार्क के संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर में पहुंचेगी। इन मंदिरों में भजन व कीर्तन करते हुए यह सवारी दोपहर को वापस तिरुपति धाम में लौटेगी।

कर्मचारियों ने इंडिया गठबंधन को दिया समर्थन

नारनौंद। रिटायर्ड कर्मचारी संघ व सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक नारनौंद की गुरुवार को संयुक्त बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता रिटायर्ड कर्मचारी संघ के प्रधान रामस्वरूप लोहान व सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक प्रधान मास्टर योगेन्द्र माजरा ने संयुक्त रूप से की, जबकि संचालन सचिव जसबीर श्योकंद ने किया। बैठक में सभी विभागों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों और कार्यरत कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में दो बड़े फैसले लिए गए की एक नवंबर को इंडिया गठबंधन द्वारा दिल्ली में आयोजित रैली का रिटायर्ड कर्मचारी संघ नारनौंद ने पूर्ण रूप से समर्थन किया है और भारी संख्या में कर्मचारी दिल्ली पहुंचेंगे। उसके बाद 12 दिसंबर को अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ द्वारा दिल्ली के रामलीला मैदान में मुख्य मांगों को लेकर आयोजित महारैली की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

मौसम का मिजाज

बदलते मौसम से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

खुले आसमान के नीचे पड़ी करीब दो लाख क्विंटल धान की फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद


हिसार। अनाज मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ी हुई धान की फसल।

अचानक मौसम खराब होने और हल्की बूंदाबांदी शुरू होने से नारनौंद के किसानों की सांसें अटक गई हैं। अनाज मंडियों और खेतों में खुले आसमान के नीचे पड़ी करीब दो लाख क्विंटल धान की फसल को लेकर अन्नदाताओं के चेहरों पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा सकती हैं। धीमी खरीद और सुस्त उठान के चलते किसानों की चिंता और अधिक बढ़ गई है, क्योंकि अगर तेज बारिश आ गई तो उनकी मेहनत पर पानी फेरने में देर नहीं लगेगी। नारनौंद अनाज मंडी के आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक मंडी में 1 लाख 91 हजार क्विंटल धान की आवक हो चुकी है। इसमें से अभी तक 1 लाख 21 हजार क्विंटल धान की ही खरीद हो पाई है, जबकि महज 93 हजार क्विंटल फसल का ही उठान संभव हो सका है। हालात यह हैं कि अकेले मंडी में करीब एक लाख क्विंटल फसल खुले आसमान के नीचे शेड से बाहर पड़ी है। इसके अलावा मंडी में जगह कम होने के कारण किसानों के खेतों में भी करीब एक लाख क्विंटल धान का स्टॉक खुले में रखा हुआ है जो चिंता का विषय है।

यह बोले अधिकारी

किसानों की फसल लगातार खरीदी जा रही है और अब तक 1 लाख 21 हजार क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। उठान का कार्य भी गतिमान है। मौसम खराब होने के चलते मंडी में पड़ी फसल बारिश से न भीगे, इसके लिए आढ़तियों और किसानों को तिरपाल से ढकने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। -रवि श्योरान, सचिव, मार्केट कमेटी, नारनौंद।

